संoसंo–17/ए 3–14/2014 - 416 (17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

अत्यावश्यक

प्रेषक,

एस०एस० पाण्डेय,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 12/5/2021

विषय :– **प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों के विभिन्न विभागों में जूनियर रेजिडेन्ट के रिक्त पदों (एक वर्षीय टेन्योर) पर नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु सूचना संलग्न है। राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के दो प्रमुख समाचार पत्रों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में लगातार दो दिनों तक यथाशीघ्र प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक :–सूचना की छः प्रति सी० डी० के साथ।

विश्वासभाजन,

12/05/2021

(एस०एस० पाण्डेय)
विशेष कार्य पदाधिकारी।

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

विज्ञापन सं0 – 01/2021

राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट के रिक्त पदों पर टेन्योर के आधार पर नियुक्ति हेतु सूचना

राज्य के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट के रिक्त पदों पर टेन्योर के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

(क) टेन्योर पद पर नियुक्ति हेतु मापदंड/शर्त्तें:–

जूनियर रेजिडेन्ट के रिक्त पदों पर यह नियुक्ति 01 (एक) वर्ष तक की टेन्योर अवधि के लिए की जाएगी।

- **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हता** :– भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त/अनुमति प्राप्त एम0बी0बी0एस0 डिग्री।
- राज्य स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत नियमित चिकित्सक आवेदन के पात्र नहीं होंगे।
- चयन का आधार एवं मापदण्ड :–

शैक्षणिक योग्यता	अधिकतम अंक
(क) सभी एम0बी0बी0एस0 परीक्षाओं के प्राप्तांक के कुल योग के प्रतिशत के आधार पर प्रत्येक पूर्ण प्रतिशत के लिए 0.8 अंक दिया जाएगा (पूर्ण प्रतिशत 0.5 या इससे उपर को माना जाएगा।)	80 अंक
(ख) स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा	20 अंक/ 10 अंक
कुल अधिकतम् अंक	100 अंक

(ख) उम्र सीमा (01.08.2020 को अधिकतम) –

कोटि	उम्र
अनारक्षित (पुरूष)	37 वर्ष
अनारक्षित (महिला)	40 वर्ष
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)	40 वर्ष
अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)	42 वर्ष

(ग) मानदेय :– जूनियर रेजिडेन्ट – 65000/– प्रतिमाह

(घ) (i) टेन्योर नियुक्ति में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण का पालन किया जाएगा। आरक्षण श्रेणी के आवेदक सक्षम प्राधिकार से निर्गत जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करेंगे। आरक्षण का लाभ केवल बिहार राज्य के मूल निवासी को क्रीमीलेयर रहित का प्रमाण पत्र समर्पित करने पर ही देय होगा। क्रीमीलेयर का प्रमाण पत्र समर्पित नहीं करने पर वे अनारक्षित कोटि में माने जाएँगे। महिला आवेदक को नियमानुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित आरक्षण देय होगा।

(ii) आवेदक **Document verification** के समय अपने साथ सभी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवश्यकतानुसार अग्रसारण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे।

416 (17)
12/5/2021.

(ड.) उपरोक्त चयन हेतु Document verification का आयोजन की तिथि एवं स्थल से संबंधित सूचना बाद में विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाएगी एवं ई–मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

(च) चयन का आधार मेधा क्रमांक होगा जो विभिन्न मापदंडों के अनुसार प्राप्त अंक, उत्तीर्णता का वर्ष एवं आयु के आधार पर तैयार होगा।

(छ) चयनोपरांत पदस्थापन संबंधी विभाग का निर्णय अंतिम होगा। अभ्यर्थियों द्वारा पदस्थापन संबंधी कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

(ज) विस्तृत विज्ञापन स्वास्थ्य विभाग के **वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/health** के **Recruitment Section** पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

(झ) रिक्तियों की सूची निम्नवत् है :–

क्र0 सं0	कोटि	रिक्ति	महिला आरक्षण 35%
1	अनारक्षित	572	200
2	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग	257	94
3	पिछड़ा वर्ग	171	57
4	अनुसूचित जाति	229	86
5	अनुसूचित जनजाति	15	05
6	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	143	43
7	पिछड़े वर्गो की महिला	43	00
कुल – 1430			

नोटः– (1) स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतिनी के लिए आरक्षित (2%) कुल पदों की संख्या–29

(2) विकलांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कुल पदों की संख्या–58
(दृष्टि–15, मूक बधिर–15, चलन–14, मनों0–14)

(ञ) आवेदन पत्र विहित्र प्रपत्र में On-line स्वीकार किये जायेंगे तथा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इसके लिए वेबसाईट **https://state.bihar.gov.in/health** के Recruitment Section पर जाकर दिनांक–15.05.2021 के पूर्वाह्न 10:00 बजे ये दिनांक–24.05.2021 के अपराह्न 11:59 बजे तक Upload किया जा सकता है। आवेदक Website पर दिये गए निर्देशों के अनुसार ID generate करने के उपरांत Form पूरी तरह भरकर Submit करेंगे।

(ट) आवेदक On-line आवेदन समर्पित करने के पश्चात् आवेदन का E-Mail/Form Print Out के साथ सभी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं अनापत्ति प्रमाण–पत्र Counselling के समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे।

ह0/– 12/05/2021

(एस0एस0 पाण्डेय)
विशेष कार्य पदाधिकारी
स्वास्थ्य विभाग, बिहार

416 (17)
12/5/2021